line from north to south of the Main Railway line of Delhi-Howrah section between the points Dildarnagar and Bhadaura for electrifying the villages south side of the line;

(b) whether this request was considered by the Eastern Railway; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): (a) Yes.

(b) This request is under examination.

(c) Question does not arise.

बांदा जंकशन पर पैदल चलने वालों के लिये उपरि पुल तथा प्लेटफार्म का निर्माण

531. श्री जागेश्वर यादव : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य रेलवे के झांसी-मानिकपुर सेक्शन पर बांदा जंक्शन के उत्तर की ओर पैदल चलने वालों के लिए एक उपरि पुल तथा एक अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण कार्य पूरा करने के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय कर लिया गया है जिसके लिये 2,49,000 रुपये की मंजूरी दी गयी थी और जिनका काफी काम पूरा भी हो चुका था परन्तु मितव्ययता के कारण उस कार्य को स्थगित करना पड़ा था ;

(ख) क्या यह सच है कि पैदल चलने वालों के लिये पुल न होने के कारण रेलवे लाइनों को पार करते हुए बहुत से लोग रेल गाड़ियों के नीचे आ जाते हैं और इस प्रकार की दुर्घटनाओं में मारे जाने वाले रेलवे कर्मचारियों के परिवारों को काफी बड़ी धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में देनी पड़ती है; और

(ग) यदि हां, तो इस प्रकार जान और माल की क्षति को रोकने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) एक अतिरिक्त प्लेटफार्म और एक ऊपरि पैदल पुल बनाने की बजाय एक 'बे' लाइन पर बांदा-कानपुर गाड़ियों को सम्हालने के लिए अब झांसी सिरे के वर्तमान प्लेटफार्म को बढ़ाने का प्रस्ताव है । पूर्ववर्ती प्रस्ताव पर कोई निरर्थक खर्च नहीं हुआ ।

(ख) जांच से पता चला है कि 1965 से अब तक माल डिब्बों के नीचे से लाइन पार करते हुए 10 व्यक्ति गाड़ियों से कुचलकर मर गये । इनमें से 9 व्यक्ति अनधिकृत रूप से लाइन पार करते हुए बस्ती से बाजार की ओर जा रहे थे और एक रेल सुरक्षा दल का कांस्टेबुल था जो एक खाली इंजन से बांदा आया था और माल डिब्बों के नीचे से लाइन पार करने की कोशिश करते हुए कुचल गया था ।

(ग) प्लेटफार्म का विस्तार और बे-लाइन का निर्माण हो जाने पर यात्री बिना लाइन पार किये ही गाड़ियों में चढ़ सकेंगे । रेल सुरक्षा दल और सरकारी रेलवे पुलिस के कर्मचारियों का भी हिदायत दी गयी है कि वे अनधिकृत रूप से लाइन पार करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें क्योंकि बांदा स्टेशन पर जाने वाले सिविल लाइन्स के निवासियों के लिए दो समपार मौजूद हैं–एक स्टेशन–इमारत के मध्य से 1200 फुट की दूरी पर झांसी सिरे की ओर और दूसरा 2250 फुट की दूरी पर मानिकपुर सिरे की ओर ।

Imports of jute from Thailand

532. SHRI K. HALDAR:
SHRI TRIDIB KUMAR CHAUDHURI:

Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether the Indian Jute Mills Association have requested for the import of raw jute from Thailand;